वर्ष- 22 अंक - 118 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



नवरात्रि प्रारम्भ

## अंगना पधारीं... मां भवानी

**रविवार ( सिटी ब्लास्ट )।** आज से शारदीय नवरात्रि प्रारम्भ हो गई है। देशभर में माता मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम को गरबा पांडालों में उल्लास नजर आएगा। कई घरों में सुबह घटस्थापना की गई। प्रसिद्ध वैष्णोदेवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

# रिहा हुए दिपके-रांका और दास

### कोर्ट ने एक साल तक शांति भंग न करने की रखी शर्त

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को 23 घंटे बाद रिहा कर दिया गया है। तीनों को दिल्ली केन्ट पुलिस स्टेशन में एक्टिजिविट मजिस्ट्रेड कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने रिहाई के साथ एक साल शांति भंग न करने की शर्त भी रखी है। इसके अलावा शनिवार को प्रदर्शन करने के मामले में 20 से ज्यादा एफआईआर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की है। सूत्रों के मुताबिक कानून हाथ में लेने, सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों के साथ मरापीट करने के मामले दर्ज हुए है। पुलिस स्टेशन से रवाना होने के दौरान तीनों ने कोई बात नहीं की। हालांकि दोपहर में प्रेस कांफ्रेंस करने की बात सामने आ रही है। इधर आज भी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। दिल्ली में कई ट्रेनें रद्द की गई है। वहीं कुछ मेट्रो स्टेशन भी बंद है।हांलाकि आज कई रेल सेवाएं बहाल की गई है।

## *2 हजार करोड़ का नुकसान*

*__जंतर-मंतर__ पर सीजेपी प्रदर्शन के कारण दिल्ली के बाजारों का हाल बेहाल है। त्योहार के सीजन की शुरूआत में बडा नुकसान बताया जा रहा है। सीटीआई ने इसे लेकर प्रदर्शन करने वाली पार्टियों को पत्र लिख बडी डिमांड की है। व्यापारियों और उद्यमियों के शीर्ष संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कहा है कि सिर्फ 10 अक्टूबर को दिल्ली में हुए धरने-प्रदर्शन के कारण व्यापारियों का अनुमानित करीब 2000 करोड़ रुपये का व्यापार ठप हो गया।*



















# अग्रवाल समाजजन राजबाडा जुलूस में होंगे शामिल

## चिमनबाग पर होगा बड़ा आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा आज अग्रसेन जयंती पर 140 अग्रवाल संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और समाजजनों की मौजूदगी में शाम 5 बजे राजबाड़ा चौक से जेलरोड स्थित चिमनबाग मैदान तक जुलूस निकाला जाएगा। महाराजा अग्रसेन का रथ में अग्रवाल समाजजन दर्शन भी करेंगे और अपने हाथों से रथ को खींचकर आगे की ओर ले जाएंगे। 25 मंचों से महाराजा एवं अग्रवाल समाजजों का स्वागत भी किया जाएगा। महालक्ष्मीजी और श्रीनाथजी का पूजन भी होगा। जुलूस में समाज के 18 गौत्र के प्रतीक अश्वारोही युवा, 12 लोगों की गरबा पार्टी, भजन मंडलियां, झांज-मंजीरा पार्टी, केरल की झांकी, बैंड दल, पंजाबी ढोल, हनुमान ढोल सहित अनेक वाद्य यंत्रों की सुर एवं स्वर लहरियों के बीच मंगल कलशधारी महिलाएं परंपरागत परिधान में शामिल रहेंगी। अरविन्द बागडी, गणेश गोयल ने बताया कि चिमनबाग मैदान पर डेढ़ लाख वर्गफुट क्षेत्र में पांडाल का निर्माण किया गया है जहाँ महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी के सुसज्जित दरबार सजाकर अलग मंडप में सामूहिक महाआरती होगी। भगवान श्रीनाथ को छप्पन भोग भी समर्पित किए जाएंगे। चिमनबाग मैदान पर 15 हजार समाजबंधुओं के लिए स्नेहभोज एवं फलाहार का आयोजन भी किया गया है। जुलूस के पीछे सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। क़ेन्द्रीय समिति के सभी पूर्व अध्यक्ष पीडी अग्रवाल, राजेश बंसल, किशोर गोयल, अरविन्द बागडी, कुलभूषण मित्तल कुक्की, गोविन्द सिंघल, संजय बांकडा, राम ऐरन सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

# अग्रबंधुओं से आज शाम शोभायात्रा में शामिल होने की अपील

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज शाम राजबाडा से चिमनबाग तक अग्रसेन जयंती अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील विनोद अग्रवाल, पवन सिंघानिया, दिनेश मित्तल, राजेश बंसल पम्प, शैलेष गर्ग, टीकमचंद ग़र्ग, राजेश गर्ग केटी, किशोर गोयल, हरि अग्रवाल, अरविन्द बागडी, जगदीश गोयल बाबाश्री, डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, संजय मंगल, संजय बांकड़ा, गणेश गोयल, पीडी अग्रवाल, महेन्द्र-पीडी अग्रवाल, रजत गर्ग, गोविन्द सिंघल, सौरभ गोयल बालाजी, प्रयोग गर्ग, संजय-शीतल तोड़ीवाला, महेश मित्तल, मुकेश जिंदल, अमिताभ सिंघल, अरविन्द अग्रवाल वेल्युअर, मृदुल अग्रवाल, अशोक ग़ोयल महू, राजेश मित्तल लाला, राजेन्द्र बंसल बाहुबली, अनूप अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अरुण गोयल, राजेश गोयल साकार ग्रुप, विनोद गोयल, संजय गोयल प्रशांत होटल, रामबाबू अग्रवाल, विनोद गोयल, संजय अग्रवाल गोल्ड क्वाइन, दीपककुमार गर्ग, भक्ति एवेन्यू देवास, प्रहलाद गर्ग, आनंद गर्ग, अवधेश गर्ग, संजय अग्रवाल केरला फ्रैट, जीतू ग़ोयल, विजय अग्रवाल, प्रमोद बिंदल, राम ऐरन, शैलेष गर्ग श्री ट्रेडिंग, राजेश मित्तल चौधरी, शिवनारायाण गर्ग, कमल गोयल, सतीश गोयल, संजय अग्रवाल, क़ैलाश बंसल, मुन्ना मंगल, पवन गोयल, शंकर मंगल, चंद्रप्रकाश गर्ग, पुरुषोत्तम बंसल, श्याम गोयल घोडीवाला, नीलेश-प्रज्ञा अग्रवाल, मुकेश ब्रजवासी, प्रकाश अग्रवाल,सुभाष सिंघल गुजरी, शैलेन्द्र गुप्ता, ने की है।



























# प्रदेश भर के कांग्रेसियों को आज निकलना होगा दिल्ली

## इंदौर को भी मिला है निर्देश, राजधानी कूच करो

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने दिल्ली में रोड पर आकर वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनकी बर्खास्तगी को लेकर मोर्चा थाम रखा है। लगातार पुलिस कांग्रेस प्रदर्शनकारियों के साथ विपक्षी नेताओं को रोक रही है, हिरासत में भी लिया जा रहा है, कांग्रेस आलकमान ने म.प्र. कांग्रेस को निर्देशित किया है कि प्रदेश भर के राष्ट्रीय और प्रादेशिक पदाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि तत्काल आज दिल्ली के लिए निकले और कल 12 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन में मौजूद रहे। शहर कांग्रेस ने भी इसके आज मैसेज चलाए हैं। अब देखना होगा कि इंदौर से कितने कांग्रेसी आज दिल्ली के लिए कूच करते हैं और मैसेज का कितना असर होता है।

# कांग्रेसियों ने की चुनाव आयुक्त को सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना सभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



विधानसभा 4 में कांग्रेसजनों ने वोट चोर गद्दी छोड़ और लोकतंत्र संविधान पर हमले के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की और तर्पण आयोजन पंडित वेदप्रकाश शर्मा ने किया। संजय बाकलीवाल, देवेन्द्रसिंह यादव, सत्यनारायण सलवाड़िया, जतिन थोरात, रामपाल पाल, अशोक वर्मा, लोकेश सोलंकी, रविकांत मिश्रा, दिलीप कुदल सहित अन्य मौजूद थे।

# वोट चोरी का भ्रम फैला रहे विपक्षी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। युवा भाजपा नेता निखिल व्यास ने ब्यान जारी कर कहा कि सारी विपक्षी पार्टिया इन दिनों देश की राजधानी दिल्ली में अस्थिरता और अराजकता फैला रहे हैं, वोट चोरी का भ्रम फैला रहे हैं, हार की हताशा से राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी बेवजह बयानबाजी कर झूठा आरोप लगाकर भ्रम फैला रहे हैं। इन विपक्षी नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी मांगकर चुप बैठना चाहिए।

# निष्क्रिय युवा कांग्रेसियों को हटाया

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस युवक के कई पदाधिकारियों को 8 अप्रैल को संगठनात्मक निष्क्रियता के कारण उनके पदों पर होल्ड किया गया था। होल्ड किए जाने के पश्चात उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय होकर कार्य करने एवं अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके बावजूद पिछले तीन माह की अवधि में अपेक्षित संगठनात्मक सक्रियता एवं जिम्मेदारियों के निर्वहन में संतोषजनक प्रगति नहीं दिखाई गई। प्रदेशभर के 15 युवा पदाधिकारियों को वर्तमान पदों से तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है। इनमें इन्दौर के सोहन पटेल, मो. शावेज खान एवं जुनेद अली एवं धार के राहुल डोंगल प्रदेश सचिव है उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। इसके अलावा खुशी गुर्जर, मंजू गुर्जर, स्मिता तोमर, आशीष चौबे, अमित कुमार, विजयसिंह बिष्ट, दीपक तिवारी, तारिक खान, विनोद नाथ,निर्देश सोनगरा, सुदीप अग्रहरि को हटाया गया है।

# विधानसभा में टिकटिकी लगाए शैलेष गर्ग ने भाजपा नेता को कराया कांग्रेस में शामिल

## टैंकर भी प्रारम्भ किए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने बताया कि विधानसभा चार के वार्ड 85 में दो पानी के टैंकर चालू करवाए जिसका शुभारम्भ करने कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और विधानसभा चार के प्रभारी शैलेष गर्ग पहुंचे। यहीं पर भाजपा के पुराने वार्ड प्रभारी रहे नरेन्द्र सोलंकी को कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने शैलेष गर्ग की अनुशंसा पर कांग्रेस में प्रवेश कराया। उल्लेखनीय है कि शैलेष गर्ग विधानसभा चार के प्रभारी होने के साथ-साथ अब विधानसभा चार का चुनाव लड़ने के लिए भी निगाह गढ़ाए हुए है।

# सफाई कर्मियों की सांवेर हड़ताल में पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सांवेर नगर मे नियमितीकरण की माँगो को लेकर सफाई कर्मचारी आंदोलन में हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों के बीच उनकी मांगों का समर्थन करने जिलाध्यक्ष विपिन वानखेडे भी पहुंचे। समर्थन देने के साथ वानखेडे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों के साथ गलत कर रही है। वानखेडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से सफाई कर्मियों के साथ है। जब तक मांगे पूरी नही हो तब तक धरना प्रदर्शन में साथ देने की बात भी वानखेडे ने कही।

# आप नेताओं के धरने में पहुंचे 500 लोग

## आज फिर जन आव्हान



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** रीगल तिराहा गांधी प्रतिमा के समीप आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी अनुराग यादव, संजय जैन के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा और भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता बहाल करने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। कल भी 500 से अधिक नागरिकों ने साथ दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार या तो इस्तीफा दे या राष्ट्रपति बर्खास्त करें या उनके कार्यकाल में ज़हां-जहां चुनाव हुए वहां चुनाव निरस्त किए जाए। आज फिर धरना में जन आव्हान किया गया है। इस धरना ने जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। आम जनता भी आज शाम तक पहुंचती रहेगी।

# स्विमिंग पूल को पीपीपी मॉडल पर देने के विरोध में कांग्रेस का कल धरना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस ब्लॉक कमेटी 16 के अध्यक्ष जतिन थोरात और कांग्रेस नेता सुधीर सेठिया ने बताया कि विधानसभा 4 के रणजीत हनुमान मंदिर के समीप फूटीकोठी रोड पर विश्राम बाग में निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल को संचालन एवं रखरखाव के लिए पीपीपी मॉडल पर देने के प्रस्ताव के विरोध में कल 12 अक्टूबर को कांग्रेस द्वारा विरोध स्वरूप सुबह 9 से 11 बजे तक विश्राम बाग में धरना दिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता के पैसे से निर्मित सार्वजनिक सुविधा को पीपीपी मॉडल पर देने से आम नागरिकों एवं गरीब वर्ग के लिए इसका उपयोग महँगा हो सकता है। निजी ठेकेदारों द्वारा मनमाने शुल्क वसूले जाने की आशंका से आम जनता इस सुविधा से वंचित हो सकती है। कांग्रेस ने नगर निगम के इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि सार्वजनिक संपत्ति का उद्देश्य जनता को सुलभ सुविधाएँ देना होना चाहिए, न कि उसे निजी ठेकेदारों के लिए कमाई का माध्यम बनाना। नेताओं ने यह भी कहा कि विश्राम बाग पहले एक सार्वजनिक स्थल था, जिसे उजाड़कर वहाँ सीमेंट-कंक्रीट का निर्माण किया गया। अब जनता के धन से बने स्विमिंग पूल को निजी संचालन में देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। कांग्रेस द्वारा धरने के बाद व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा तथा हस्ताक्षरों के साथ नगर निगम आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय को वापस लेने की मांग की जाएगी।

# विधायक-पार्षद की मौजूदगी में कॉपी वितरण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत शासकीय स्कूल मूसाखेड़ी में भाजपाइयों की मौजूदगी में छात्राओं को कॉपी वितरण का आयोजन किया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद महेश बसवाल, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, वासुदेव पाटीदार, उमेश मंगरोला, दीपक राजोरिया, जसराज शर्मा, मलखान कटारिया, शेखर चौधरी, भगवती उपाध्याय, राजीव जैन, दिनेश रोकड़े, नेहा शर्मा, दुर्गेश मिंजवा, करण ऑटोदिय, रोशन चौहान, अतुल राजपूत, मनोहर जोशी, हेमंत जरिया, रवि लोनखेड़े, आशु गोयल, दिनेश जोशी, सुदेश राजोरिया बबलू तंवर, नरेश पुरोहित उपस्थित रहें।



# भाजपा नेता द्वारा कराई जा रही भागवत में व्यासपीठ का पूजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा दो से जुड़े भाजपा नेता सुरजीत सिंह वालिया द्वारा भारत माता मंदिर परिसर में साध्वी कौशल दीदी के श्रीमुख से आयोजित भागवत में व्यासपीठ का पूजन विधायक रमेश मेंदोला, चंदू कुंजीर, चंद्रराव शिंदे सहित अन्य ने किया।

# कांग्रेस पार्षदों की विकास के लिए आवाज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष के साथ कांग्रेसी निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे और अपने वार्ड में लम्बित विकास कार्य को लेकर आवाज उठाई। आयुक्त ने कहा प्राथमिकता वाले काम की सूची बनाकर दे दो, पार्षदों ने कहा हम सूची पहले ही दे चुके हैं, आयुक्त ने कहा कि सूची देखकर जल्द ही कामों को कराने की जुगत की जाएगी। दीपू यादव, सादिक खान, रफीक खान, राजू भदोरिया, यशस्वी पटेल, सुदामा चौधरी, शेफु वर्मा, सीमा सोलंकी, अंसाफ अंसारी मौजूद थे।

# बच्चों ने निकाला पथ संचलन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज छावनी क्षेत्र में संघ से जुड़े बच्चों ने अनुशासित पथ संचलन निकाला। निर्धारित वेशभूषा में यह संचलन निकाला।

# कुमेडी आईएसबीटी की दुकानें व व्यावसायिक स्थान लीज पर देगा प्राधिकरण

## स्थान को लेकर कारोबार करने वालों से मंगाए 20 अक्टूबर तक प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**विकास प्राधिकरण के द्वारा कुमेडी में बनाए गए अंतर राज्यीय बस टर्मिनल की दुकान और व्यावसायिक स्थान को लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण के द्वारा एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट जारी कर दिया गया है। इस स्थान को प्राप्त करने के इच्छुक लोगों से 20 अक्टूबर तक प्रस्ताव बुलवाए गए हैं।**

प्राधिकरण के द्वारा इंदौर से दूसरे राज्यों के लिए चलने वाली बसों के संचालन हेतु ग्राम कुमेडी में 100 करोड रुपए की लागत से भव्य बस टर्मिनल का निर्माण किया गया है। इस बस टर्मिनल का संचालन करने के लिए पिछले दिनों टेंडर कर प्राधिकरण के द्वारा ठेका दे दिया गया है। अब इस टर्मिनल का संचालन शुरू होने से पहले बस टर्मिनल में प्राधिकरण के द्वारा बनाई गई दुकानों और व्यावसायिक स्थान को लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के द्वारा इस स्थान को लीज पर लेने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों से 20 अक्टूबर तक उनके प्रस्ताव बुलवाए गए हैं।

प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि यहां पर स्थित 23 दुकानों, फूड कोर्ट की 16 दुकानों को किराए पर देने के लिए भी प्रस्ताव बुलाए गए हैं। इसके साथ ही 32 कार्यालय, दो पार्सल स्टोरेज के स्थान, दो क्लॉक रूम टेबल कंपनियों के कार्यालय के लिए 10 दुकान, एटीएम की दो दुकान और 12 अन्य दुकान के लिए प्रस्ताव बुलाए गए हैं। इस स्थान पर एडवर्टाइजमेंट के लिए जो स्थान चिन्हित किया गया है वहां पर विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार देने के लिए भी प्रस्ताव बुलवाए गए हैं। इस बस स्टैंड पर टू व्हीलर थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों के लिए पार्किंग भी बनाया गया है। इस पार्किंग के संचालन के लिए भी प्रस्ताव बुलाए गए हैं।

### 50000 लोग रोज आएंगे

इस बस स्टैंड पर हर दिन बसों का संचालन किया जाने से लोगों का आना और जाना होगा। प्राधिकरण के द्वारा यह दावा किया गया है कि यहां से बसों में सफर करने के लिए कम से कम 50000 लोग प्रतिदिन आएंगे। इस स्थान पर प्राधिकरण के द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले वॉशरूम, उनके विश्राम का स्थान, चिकित्सा सहायता केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र हेल्प डेस्क के भी बनाई गई है। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए चार्जिंग स्टेशन, पार्सल लाकर, प्रीपेड टैक्सी बूथ, बसों के रात में रुकने के लिए स्थान भी तैयार किया गया है। इनका संचालन करने के लिए भी प्रस्ताव बुलाए गए हैं। यह सारा ठेके पर देने का काम प्राधिकरण से इस बस स्टैंड के संचालन का ठेका लेने वाली कंपनी बीवीजी इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।

## कांग्रेसियों ने बताई झोन अधिकारी को समस्या



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राऊ विधानसभा के वार्ड 77 की समस्या लेकर मंडलम अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, नेताप्रतिपक्ष के नेतृत्व में झोनल अधिकारी से मिले और क्षेत्र की 5 सूत्रीय समस्या बताई।

## वोट चोर गद्दी छोड़ मानव श्रृंखला

### कांग्रेस सहित अन्य इंडिया गठबंधन दल के मौजूद रहेंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंडिया गठबंधन के संयोजक वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल कांग्रेस, सपा, कम्युनिस्ट, जनता दल सहित अन्य पार्टी मिलकर आज शाम 5 बजे रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे पर मानव श्रृंखला बनाएंगे। बड़ी संख्या में कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। यहां पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा भी मांगा जाएगा और उनको बर्खास्त करने की गुहार भी राष्ट्रपति से की जाएगी।

# फिर पांच पार्किंग ठेके पर देने के लिए निगम उतरा मैदान में

## पहले भी बुलाए थे टेंडर लेकिन किसी ने नहीं ली थी रुचि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम एक बार फिर पांच पार्किंग ठेके पर देने के लिए मैदान में आ गया है पूर्ण मिलन इन पांच पार्किंग को ठेके पर देने के लिए नगर निगम के द्वारा पहले भी टेंडर बुलवाए गए थे, लेकिन उस समय किसी ने भी यह पार्किंग ठेके पर लेने में रुचि नहीं ली थी।**

नगर निगम के द्वारा ऑपरेशन मेंटेनेंस और मैनेजमेंट के लिए पांच बहु मंजिला पार्किंग ठेके पर देने की पहल की गई है। इसके लिए निगम के द्वारा जारी किए गए टेंडर में कहा गया है कि पालिका प्लाजा फेस वन एमटीएच कंपाउंड के पार्किंग को 2.94 लाख रुपए प्रति वर्ष में तथा पालिका प्लाजा फेज 2 के पार्किंग को 12.36 लाख रुपए प्रति वर्ष ठेके पर देने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही शहर के व्यापारिक क्षेत्र में स्थित बजाज खान के पार्किंग को 20.30 लाख रुपए प्रति वर्ष में ठेके पर देने का प्रस्ताव रखा गया है।

इसके अलावा नगर निगम के द्वारा विजयनगर क्षेत्र में फॉर्चून लैंडमार्क होटल के पास में निर्मित किए गए पार्किंग को 15.32 लाख रुपए प्रति वर्ष में एवं इस क्षेत्र में रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास में बनाए गए पार्किंग को 24.50 लाख रुपए प्रति वर्ष में ठेके पर देने का प्रस्ताव रखा गया है। निगम की ओर से यह राशि तो न्यूनतम निर्धारित की गई है। इससे ज्यादा जो राशि ठेके पर लेने वाला व्यक्ति देना चाहता हो तो वह इसका प्रस्ताव दे सकता है। इन सभी पार्किंग को 5 साल के लिए ठेके पर दिया जा रहा है। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा पहले भी इन पार्किंग को ठेके पर देने के लिए टेंडर जारी किया गया था। लेकिन उसमें किसी भी व्यक्ति अथवा फर्म के द्वारा रुचि नहीं ली गई।

इसके लिए नगर निगम के द्वारा उक्त प्राथमिक स्थल ठेके पर लेने के इच्छुक व्यक्ति अथवा फॉर्म की 22 अक्टूबर को बैठक भी रखी गई है। यह बैठक दोपहर 3:00 बजे निगम के यातायात विभाग में होगी। निगम के द्वारा कोशिश की जा रही है कि उक्त पांच पार्किंग ठेके पर चले जाएं ताकि उनके संचालन संचालन के दायित्व से निगम मुक्त हो सके। ध्यान रहे कि इसके पूर्व भी यह पार्किंग ठेके पर दिए गए थे और इनका संचालन बेहतर तरीके से किया जा रहा था।

## विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के लिए लगे मुख्यमंत्री के लिए नारे



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उज्जैन जिले की बड़नगर विधानसभा में कार्यक्रम के दौरान विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार विधायक भंवरसिंह शेखावत, दिलीप बोस, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर के अलावा इंदौर से कांग्रेस के नेता गजेन्द्र वर्मा एवं अन्य हेमंत चौहान, विक्की यादव पहुंचे थे। आयोजन पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के जन्मदिन पर हुई भजन संध्या में कांग्रेसियों ने विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नारेबाजी की। कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री कैसा हो उमंग सिंघार जी जैसा हो।

# कंडीलपुरा में नागरिक खुद तोड़ने लगे अपने निर्माण

## निगम के नोटिस के बाद पैदा हुए डर के कारण तोड़फोड़ शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बड़ा गणपति क्षेत्र में स्थित कंडीलपुरा में नागरिक खुद अपने निर्माण तोड़ने लग गए हैं। इस क्षेत्र में सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा दिए गए नोटिस के बाद पैदा हुए डर में लोगों ने खुद ही अपने निर्माण तोड़ना शुरू कर दिए हैं।

नगर निगम के द्वारा कंडीलपुरा में सड़क को चौड़ा करने की घोषणा की गई है। इसके लिए निगम के द्वारा योजना तैयार कर उसे मंजूरी भी दे दी गई है। इस क्षेत्र में सड़क को चौड़ा करने के लिए पहले से मौजूद लोगों के घर का कितना हिस्सा तोड़ना पड़ेगा इसका निशान भी निगम के द्वारा लगाया जा चुका है। निगम की ओर से क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के नाम पर नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। इस नोटिस में नगर निगम के द्वारा हर व्यक्ति को यह बता दिया गया है कि उसके मकान का कितना हिस्सा सड़क की चौड़ाई में आ रहा है। यह जानकारी देने के साथ ही नगर निगम के द्वारा संबंधित व्यक्ति से अपने मकान के बाधक हिस्से को हटाने के लिए कहा गया है।

निगम के द्वारा दिए गए इस नोटिस के बाद नागरिकों के द्वारा कोई ज्यादा चिंता नहीं पाली जा रही थी। पिछले तीन दिन में नगर निगम के द्वारा आर ई 2 सड़क के लिए जिस तरह से बिचोली मर्दाना और मूसाखेड़ी क्षेत्र की कॉलोनी शिवनगर तथा शिव दर्शन नगर में तोड़फोड़ की गई है उससे इस क्षेत्र के नागरिकों में भी डर की स्थिति बन गई है। इस डर का ही यह परिणाम रहा कि आज नागरिकों के द्वारा मजदूर लगाकर



अपने घर तुड़वाना शुरू कर दिए गए। पूरे कंडीलपुरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा अपने घर के हिस्से तुड़वाए जा रहे हैं। यह क्षेत्र गरीब नागरिकों के निवास वाला क्षेत्र है। ऐसे में नागरिक जब अपने घर के हिस्से तुड़वा लेंगे तो फिर उसकी मरम्मत करवाना भी उनके लिए मुश्किल और चुनौती पूर्ण हो जाएगा। दीपावली के त्यौहार की निकटता को देखते हुए इन नागरिकों के लिए अपना घर सही करना एक बड़ी चुनौती साबित होगा। इस समय नगर निगम के द्वारा तोड़फोड़ तो करवाई जा रही है लेकिन दीपावली के पहले सड़क का निर्माण कर पाना नगर निगम के लिए भी संभव नहीं होगा। फिर सड़क दीपावली के पहले या बाद में बने इससे नगर निगम के अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनकी ओर से तो दबाव बना दिया गया था, जिसके चलते हुए लोगों ने निर्माण तोड़कर सड़क को रास्ता देने का काम करने की पहल की है।

## नैनोद में रजिस्ट्री को नकली बताकर सरपंच ने पुलिस को दिया आवेदन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ग्राम पंचायत नैनोद जिला इंदौर के सरपंच सुरेन्द्रसिंह सोलंकी ने गांधी नगर थाना प्रभारी को पत्र लिखा, जिसमें पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई। पत्र में यह भी लिखा गया कि राजेश चंदेल ने ग्राम कोर्डियाबर्डी स्थित पेनजान फार्म हाऊस का प्लाट नम्बर 104-ए की सम्पत्तिकर की रसीद ग्राम पंचायत से कटवाकर किसी अन्य को रजिस्ट्री 2024 में कर दी गई। सरपंच ने यह भी लिखा कि भवन कर रिकार्ड निरीक्षण किया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राजेश चंदेल के नाम कोर्डियाबर्डी पेनजान फार्म हाऊस का कोई खाता नहीं खोला गया है और सम्पत्ति कर की कोई रसीद भी नहीं काटी गई है। इसी आधार पर सरपंच ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में किसी बहादुर को भी रजिस्ट्री कर दी गई थी। जानकारों का यह भी कहना है कि सम्पत्ति की मूल स्वामी तृप्ता अरोरा हाल निवासी दिल्ली है। इस मामले में कलेक्टर में भी शिकायत की गई थी तभी एसडीएम ने पंचायत से रिकार्ड मांगा था। उसी के बाद सरपंच ने नैनोद कार्यालय का रिकार्ड खंगाला था।

## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रभारी के निधन पर शोक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अ.भा. कांग्रेस कमेटी के महासचिव और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रहे दीपक बावरिया के निधन पर भारतीय बौद्ध महासभा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ बौद्ध एवं अनुसूचित जाति विभाग के नेता आनंद वाघ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# बहुरंगी अग्रसेन जयंती विशेषांक का विमोचन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर वितरित एवं प्रकाशित होने वाले सामाजिक समाचार पत्र विशेषांक 'अग्रवाल एकता दर्पण' का विमोचन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश श्री विनय सराफ एवं श्रीमती सोनाली सराफ ने किया।अनिल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अभ्यांश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अमिताभ सिंघल, शैलेष गर्ग,राजेश गर्ग केटी, राजेश बंसल, हरि अग्रवाल, गणेश गोयल, अरविन्द बागडी, आशीष गोयल, राजेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।






































## अग्रसेन प्रतिमा पर अग्रवाल समाजजन सहित कई राजनेता भी पहुंचे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज अग्रवाल समाज के पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेनजी की जयंती पर सुबह से आयोजन किए जा रहे हैं। आज प्रतिमा पर अलग-अलग संस्थाओं के पदाधिकारी और अग्रवाल समाजजन सुबह से पहुंच रहे हैं और माल्यार्पण कर उनके आदर्श पर चलने का संकल्प ले रहे हैं। प्रतिमा पर महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मीजी के जयकारे भी लग रहे हैं। टीकमचंद गर्ग, शैलेष गर्ग, राजेश बंसल, अरविंद बागड़ी,कुलभूषण मित्तल कुक्की, दिनेश मित्तल, रजत गर्ग, आशीष गोयल, सौरभ गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, राजेश गर्ग, मृदुल अग्रवाल, पीडी अग्रवाल, सहित अन्य आज सुबह पहुंचे। अग्रवाल समाज की मातृशक्तियां भी आज अपने पितृ पुरुष को याद करने आराधना के साथ पहुंची। राजनेताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आज सुबह कई क्षेत्रों से अग्रवाल समाजजनों ने प्रभातफेरी भी निकाली। आज शाम राजबाडा से निकलने वाले जुलूस का एक-दूसरे को निमंत्रण भी दिया।

# अग्रबंधुओं को मिले बरकती सिक्के

### पूर्व क्षेत्र अग्रवाल समाज की कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर कल अग्रवाल समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा सांई मंदिर नंदानगर से मालवा मिल अनाज मंडी स्थित अग्रसेन धाम तक बडी संख्या में अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में कलश यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में मातृशक्तियों सहित समाजजन मौजूद रहे। अग्रसेन महाराज के जयकारे भी गूंजे। महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी का पूजन भी किया। रथ से कुलदेवी महाललक्ष्मीजी द्वारा बरकती सिक्के दिए जा रहे थे जिसे अग्रवाल समाजजन प्राप्त कर रहे



थे। मातृशक्तियां कलश लेकर और बच्चे घोडों पर ध्वजारोहण और फैंसी ड्रेस में शामिल हुए। संयोजक गणेश गोयल ने बताया कि समाज के वरिष्ठ के अलावा समाजजन और राजनेता भी शामिल हुए। आयोजन से पीडी अग्रवाल, अजय गोयल, नरेश मित्तल, गोविन्द गर्ग जुडे हुए थे। वरिष्ठ विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, प्रकाश मोमबत्ती, राजेश गर्ग केटी, अशोक ऐरन, जगदीश गोयल बाबाश्री, महेश मित्तल, प्रयोग गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्र बंधुओं ने लगाए प्रभातफेरी में जयकारे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हाईवे क्षेत्र से जुड़े अरविंद बागड़ी ने बताया कि बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी माता महालक्ष्मी के जयकारे लगाए गए। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी मौजूद थी।





## अग्रसेन क्लब ने किया माल्यार्पण

**इंदौर।** अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा अग्रवाल नगर स्थित अग्रसेन उद्यान में महाराजा अग्रसेनजी को याद कर माल्यार्पण किया। प्रतीक गुप्ता, सौरभ गोयल बालाजी, महेश बंसल, सुनील बद्रुका, रजत गर्ग, ओमप्रकाश जिंदल, रितेश बारदान, मयूर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, पुनीत गर्ग, अमल गोयल, हरण सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्रमंच ने की आरती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था अग्रमंच से जुड़े आशीष गोयल ने बताया कि आज महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा पर संस्था के दम्पति सदस्यों ने पूजन कर माल्यार्पण किया। महाराजा के साथ कुलदेवी महालक्ष्मीजी को भी याद किया। महाआरती भी की

# भगवा ध्वज का वितरण और प्रभातफेरियों का स्वागत



गई। भगवा ध्वजों का वितरण भी किया। यहां से निकली प्रभातफेरियों का स्वागत भी किया गया। सभी अग्र बंधुओं से 5 दीपक शाम को घर पर लगाने की अपील भी की गई। इस अवसर पर आशीष गोयल, टीकमचंद गर्ग, मृदुल अग्रवाल, महेश मित्तल, शैलेष गर्ग, राजेश बंसल, रानू अग्रवाल, सचिन बंसल, कीर्ति अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आयुष जिंदल, जीतू गोयल, संजय कुमुद बिंदल, शैलेश मोना अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवनारायण अग्रवाल, आहुति मित्तल, नवनीत केडिया, हेमंत गोयल, निलेश धानुका, गौरव गोयल, मलक कोठारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### आप सभी अग्रबंधुओं को महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ...



महाराजा अग्रसेनजी केवल एक महान राजा ही नहीं, बल्कि ऐसे समाज-निर्माता थे, जिन्होंने समानता, सहयोग, स्वावलंबन और उद्यमिता को समाज की शक्ति बनाया, उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, खासकर हमारी युवा पीढ़ी के लिए। आज का युवा केवल अपने भविष्य का निर्माण नहीं कर रहा, बल्कि अपने परिवार, समाज और देश के भविष्य को भी आकार दे रहा है। आइए, महाराजा अग्रसेनजी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम अपने युवाओं को शिक्षा, संस्कार, उद्यमिता और सेवा के साथ आग बढ़ने का अवसर दें। इस पावन अवसर पर आयोजित शोभायात्रा एवं सम्मेलन में हमारे अग्रबंधु, माताएं-बहनें और विशेष रूप से हमारे युवा साथी एवं बच्चे अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें और इस आयोजन को अपनी ऊर्जा और सहभागिता से भव्य बनाएँ।

आइए, इस अग्रसेन जयंती पर हम संकल्प लें...अपनी सफलता को समाज की प्रगति से जोड़ेंगे... अपने ज्ञान को नई पीढ़ी के साथ साझा करेंगे, और सहयोग की भावना से एक मजबूत एवं समृद्ध समाज का निर्माण करेंगे।

आप सभी अपने परिवार के साथ आगामी त्योहारों को प्रेम, शांति और उल्लास के साथ मनाएँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और प्रेम बना रहे।

**जय अग्रसेन!**

-विनोद अग्रवाल
( वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति )



## श्रीधाम में अनुष्ठान शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उषानगर एक्सटेंशन स्थित श्रीधाम में माँ बगलामुखी पीताम्बरा की आराधना के साथ 16 दिवसीय नवरात्रि उत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर माँ पीताम्बरा को हरिद्रा पर्वत पर रजत गज के आसन पर विराजित कर विशेष पूजन एवं श्रृंगार किया गया। पूर्णिमा तक चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन विशिष्ट पूजा-पद्धतियों, धार्मिक अनुष्ठानों और आरती का आयोजन होगा। ओम सोमानी, ईश्वर भारद्वाज, ओमी परिहार ने बताया कि बाबा बनवारी के सान्निध्य में यह आयोजन किया जा रहा है। मध्य रात्रि में रोजाना महाआरती होगी।

## बागेश्वरधाम सरकार से मुलाकात



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इनफ्लुएंसर कॉमेडी वीडियो बनाने वाले राहुल पाटीदार अपनी नई धार्मिक फिल्म 'बाबा की सरकार' की सफलता के लिए बागेश्वर धाम सरकार से मिले और आशीर्वाद लिया।

## समता और सम्पन्नता के नायक महाराजा अग्रसेन

# महाराज के विचार आज भी सामाजिक समरता, आर्थिक स्वावलम्बन और लोक कल्याण का मार्ग दिखाते हैं

महापुरुष केवल शब्दों से इतिहास नहीं बनाते, वे अपने कर्मों से युग की दिशा निर्धारित करते हैंस उनके विचार तभी सार्थक होते हैं, जब वे समाज के व्यवहार और व्यवस्था का हिस्सा बन जाएं। महाराजा अग्रसेन ऐसे ही युगपुरुष थे, जिन्होंने अपने विचारों को केवल उपदेश तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें शासन, समाज और अर्थव्यवस्था की व्यवहारिक व्यवस्था में उतारा। महाराजा अग्रसेन का व्यक्तित्व केवल अग्रवाल समाज तक सीमित नहीं है। उनके विचार सामाजिक समरसता, समानता, न्याय, सहकारिता, उद्यमशीलता और लोककल्याण की ऐसी अवधारणा प्रस्तुत करते हैं, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस समय थी। हर युग को एक ऐसे महानायक की आवश्यकता होती है, जो अपने समय की चुनौतियों को समझकर भविष्य की राह दिखाए। महाराजा अग्रसेन ऐसे ही युगदृष्टा थे। उन्होंने राज्य व्यवस्था को केवल राजा के वैभव और सत्ता का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे जनकल्याण का साधन बनाया। उस दौर में जब राजसत्ता को व्यक्तिगत संपत्ति समझे जाने की प्रवृत्ति थी, महाराजा अग्रसेन ने लोकहित और जनसहभागिता को प्राथमिकता दी।

**'एक ईंट, एक रुपया' में छिपा था सामाजिक अर्थशास्त्र-** महाराजा अग्रसेन की सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में 'एक ईंट, एक रुपया' का सिद्धांत उल्लेखनीय है। इसका मूल भाव यह था कि किसी नए व्यक्ति या परिवार को समाज में बसने के लिए अकेला संघर्ष न करना पड़े। पहले से बसे परिवार उसके आवास और व्यवसाय की शुरुआत में सहयोग क़ी कल्पना कीजिए, आज से हजारों वर्ष पहले किसी नए नागरिक के लिए समाज द्वारा सामूहिक रूप से आवास और रोजगार की शुरुआत का आधार तैयार किया जाता हो। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं था, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और अपनत्व की भावना का भी प्रतीक था। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा संदेश यही था कि समाज की समृद्धि केवल कुछ लोगों की समृद्धि से नहीं होती। जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी आर्थिक रूप से सक्षम होता है, तभी वास्तविक संपन्नता आती है। आज जब दुनिया सामाजिक सुरक्षा, स्टार्टअप, सामुदायिक वित्त और सहकारिता जैसे विचारों पर चर्चा कर रही है, तब महाराजा अग्रसेन की यह सोच हमें अपने प्राचीन सामाजिक चिंतन की ओर देखने के लिए प्रेरित करती है।

**'जियो और जीने दो'–समरस समाज का आधार-** महाराजा अग्रसेन की विचारधारा का केंद्र न्याय, समानता, सहिष्णुता और उदारता था। वे जातिगत विद्वेष और सामाजिक विभाजन के विरोधी थे। उनका मूल संदेश था—जियो और जीने दो। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि समाज की शक्ति टकराव में नहीं, बल्कि सहयोग में होती है। विभिन्न समुदायों और संस्कृतियों के बीच समन्वय भी उनके जीवन का महत्वपूर्ण पक्ष रहा। सूर्यवंशी होते हुए नागवंशी माधवी से उनका विवाह सामाजिक समन्वय और सांस्कृतिक स्वीकार्यता का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। आज जब समाज में विभिन्न प्रकार के विभाजन और तनाव दिखाई देते हैं, तब महाराजा अग्रसेन के विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं।



**अग्रवाल समाज की सामाजिक और आर्थिक भूमिका-** महाराजा अग्रसेन के अनुयायी अग्रवाल समाज ने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। व्यापार, उद्योग, कृषि, पशुपालन और सेवा क्षेत्र में अग्रवाल समाज की उद्यमशीलता ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश के अनेक शहरों में धर्मशालाएं, अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, अन्नक्षेत्र और अन्य लोककल्याणकारी संस्थाएं समाजसेवियों और व्यापारिक समुदायों के सहयोग से संचालित होती रही हैं। इसमें अग्रवाल समाज का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इंदौर भी इसका उदाहरण है। शहर में लंबे समय से अग्रवाल समाज के अनेक सार्वजनिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। धर्मशालाओं से लेकर अन्नक्षेत्र, शिक्षण संस्थाओं और अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों तक समाज ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन आज हमें आत्ममंथन की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने अपनी कमाई का एक हिस्सा समाज और जरूरतमंदों के लिए समर्पित किया। नई पीढ़ी आर्थिक रूप से अधिक सक्षम होने के बावजूद क्या उसी भावना को आगे बढ़ा रही है? यह सवाल समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति के सामने होना चाहिए। यदि इंदौर का अग्रवाल समाज सामूहिक संकल्प ले, तो शहर में आधुनिक अस्पताल, उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाएं, कौशल विकास केंद्र, छात्रावास और अन्य जनकल्याणकारी संस्थाएं स्थापित की जा सकती हैं। यह केवल समाज की सेवा नहीं होगी, बल्कि पूरे शहर के विकास में योगदान होगा।

**समृद्धि के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी जरूरी-** केवल आर्थिक रूप से समृद्ध होना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक समृद्धि तब है, जब समाज अपने कमजोर वर्गों को भी साथ लेकर आगे बढ़े। आज अग्रवाल समाज देशभर में व्यवसाय और रोजगार के कारण फैला हुआ है। लेकिन आर्थिक विस्तार के साथ सामाजिक और संगठनात्मक एकजुटता भी आवश्यक है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारिक समुदायों के सामने सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण और स्थानीय स्तर पर अनेक चुनौतियां आती रही हैं। इन परिस्थितियों में समाज को किसी टकराव के बजाय लोकतांत्रिक, संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों और हितों के लिए संगठित होना चाहिए।

**राजनीतिक प्रतिनिधित्व भी जरूरी-** लोकतंत्र में जिसकी आवाज संसद, विधानसभा और स्थानीय निकायों तक पहुंचती है, उसकी समस्याओं और अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखने की संभावना भी बढ़ती है। वैश्य समुदाय की आर्थिक भूमिका जितनी महत्वपूर्ण रही है, राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं रही। विभिन्न राजनीतिक दलों ने समय-समय पर वैश्य समाज के आर्थिक और सामाजिक सहयोग का लाभ लिया है, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में समाज को अपेक्षित अवसर हमेशा नहीं मिले। इस स्थिति पर समाज को गंभीरता से विचार करना होगा। राजनीतिक भागीदारी का अर्थ किसी एक राजनीतिक दल का समर्थन करना नहीं है। इसका अर्थ है—लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करना। समाज को योग्य, शिक्षित, ईमानदार और जनसेवा की भावना रखने वाले लोगों को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिए।

**संगठन ही शक्ति है-** वैश्य समाज की अनेक उपजातियां और समुदाय देशभर में फैले हुए हैं। यदि ये सभी समुदाय सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर एक साझा मंच तैयार करें, तो उनकी सामूहिक शक्ति निश्चित रूप से प्रभावशाली हो सकती है। लेकिन संगठन केवल संख्या का नाम नहीं है। संगठन का अर्थ है—साझा उद्देश्य, आपसी सहयोग और समाज के प्रति जिम्मेदारी। महाराजा अग्रसेन ने जिस समाज की कल्पना की थी, उसमें कोई व्यक्ति अकेला नहीं था। उसकी सफलता में समाज की भूमिका थी और समाज की समृद्धि में व्यक्ति की भूमिका थी। यही सहकारिता आज भी हमारे लिए सबसे बड़ा संदेश है। अग्रसेन विचारों को जीवन में उतारने का समय महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा, जब हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारें। यदि हम किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता करें, किसी युवा को रोजगार के लिए प्रेरित करें, किसी विद्यार्थी की शिक्षा का जिम्मा उठाएं, अस्पताल या विद्यालय के निर्माण में सहयोग करें, समाज को संगठित करें और राजनीति में योग्य लोगों को आगे बढ़ाएं—तो यही महाराजा अग्रसेन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज आवश्यकता केवल महाराजा अग्रसेन के नाम का स्मरण करने की नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा को व्यवहार में उतारने की है। समता, सहकारिता, उद्यमशीलता, न्याय और लोककल्याण—ये पांच ऐसे स्तंभ हैं, जिन पर महाराजा अग्रसेन की विचारधारा खड़ी दिखाई देती है। यदि समाज इन मूल्यों को अपनाए, तो न केवल अग्रवाल समाज बल्कि संपूर्ण राष्ट्र अधिक मजबूत और समृद्ध बन सकता है। महाराजा अग्रसेन का संदेश स्पष्ट है—समाज की वास्तविक संपन्नता तभी है, जब उसकी समृद्धि में हर व्यक्ति की भागीदारी हो और उसकी प्रगति में समाज का हाथ हो। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को केवल इतिहास के पन्नों में न रखें, बल्कि वर्तमान की चुनौतियों का समाधान बनाने के लिए उन्हें अपने आचरण और सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा बनाएं। यही महाराजा अग्रसेन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**रामबाबू अग्रवाल**
लेखक इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी, अ.भा. वैश्य सम्मेलन के पदाधिकारी तथा बालाजी सेवा संस्थान, इंदौर के अध्यक्ष हैं।
संपर्क : 98270-31550

# माता मंदिरों में लगी दर्शन के लिए कतार

## अलसुबह से लगने लगे माता के जयकारे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।







आज से माता की आराधना का पर्व शुरू हो चुका है, अलसुबह से ही माता मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे है, मंदिरों में घट स्थापना की जा रही है। घर, दुकान, कार्यालय और अन्य जगह भी घटस्थापना में कलश स्थापित किए जा रहे है, कई जगह माता मूर्ति भी स्थापित की जा रही है। अलग-अलग कालोनी और मोहल्लों में भी पांडाल तैयार हो गए, अलग-अलग मुहूर्त में माता मूर्ति लाकर देर शाम और कुछ जगह रात तक भी मुहूर्त में स्थापना होती रहेगी। पांडालों में रोशनी और अन्य सजावट भी आज की जा रही है। पांडालों के लिए पसंद की गई माता की प्रतिमा आज समितियां गाजा-बाजा और गरबा करते हुए लेकर आएंगी। माता को शाम के बाद पांडालों में स्थापित कर पूजा-आराधना, आरती की जाएगी और फिर गरबे होंगे। बिजासन माता मंदिर, माता अन्नपूर्णा मंदिर, कैलादेवी मंदिर, जवाहर मार्ग माताजी, खजराना कालका माता, कालका माता मंदिर मिल एरिया, विद्याधाम, गीता भवन मंदिर, लक्ष्मी मंदिर उषानगर, लक्ष्मी मंदिर राजबाडा, हरसिद्धि माता मंदिर, वैष्णोधाम मंदिर लालबाग, आम्बावाली माता दत्त राजेन्द्र नगर में आज सुबह से भक्तों की दर्शन भक्ति दिखाई दे रही है। खासतौर से बिजासन माता टेकरी पहुंचकर श्रद्धालु नौ देवियों के दर्शन कर रहे है। वहीं अन्नपूर्णा मंदिर में भी तीन देवियों के दर्शन के लिए सुबह से कतार श्रद्धालुओं की दिख रही है। सभी माता मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें भी लगी है। आज से श्रद्धालुओं ने व्रत, एकासना भी रखा है और कई श्रद्धालु नवरात्रि में नंगे पैर रहते है और दाढ़ी कटिंग भी नहीं बनाते है, कई श्रद्धालु बड़े मंदिर में मां की अराधना के लिए पैदल भी पहुंचते है। देवास टेकरी वाली दोनों माताओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का इन्दौर से जाने का क्रम रहेगा। कुल मिलाकर आज से मां की आराधना का पर्व शुरू हुआ। दीपावली को अब एक माह भी नहीं बचा है।

## मंदिरों में सुबह से मां की आराधना शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज से शारदीय नवरात्रि शुरू हुई। आज सुबह से बडे से लेकर माता मंदिरों में घटस्थापना और माता पूजन विधि-विधान से किए गए। गीता भवन में आज से 19 अक्टूबर तक आयोजन होंगे। नवान्ह पारायण पाठ एवं देवी मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ के अनुष्ठान एवं अन्य आयोजन नियमित होंगे।वहीं विद्याधाम मंदिर में आज सुबह ध्वज वन्दन, घट स्थापना, माँ पराम्बा के षोडशोपचार पूजन-अभिषेक एवं श्रृंगार आरती के साथ नवरात्रि महोत्सव शुरू हुआ।

## बिजासन माता टेकरी पर आज से वितरित होगी फरियाली खिचड़ी प्रसादी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट' द्वारा माँ बिजासन माता टेकरी पर आज से फरियाली खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्यों संजय अग्रवाल, दिनेश (कालू) सारडा और अनिल बाहेती ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए यह आयोजन आज 11 से 19 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता के दर्शन करने पहुँचने वाले भक्तजनों को फरियाली खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा।



## सर्वपितृ अमावस्या पर हुआ छावनी में भंडारा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल सर्वपितृ अमावस्या पर श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने छावनी में भंडारा आयोजित किया। यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष गोपालदास मंगल (मंगल स्वीट्स) एवं विजय गोयल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में लगभग दो हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रामनिवास मित्तल व गगन मंगल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में मिष्ठान में खीर, इमरती एवं आलुबड़े, रामभाजी व पूरी का वितरण किया गया। सुनील गोयल एवं लाला गुर्जर उपस्थित थे।

## बर्तन व्यापारी कर रहे है महाराजा को याद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कसेरा बाजार अग्रवाल संगठन, इंदौर एवं श्री बर्तन बाजार अग्रवाल यूथ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 11000 चित्र पूजन समारोह आज दोपहर में सुभाष ट्रेडर्स की दुकान पर किया जा रहा है। अग्रवाल समाजजन मौजूद है।

## शिंगनापुर से आई गजासीनधाम पर ज्योत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनि शिंगनापुर से पवित्र अखंड ज्योत उषानगर स्थित गजासीन शनि मंदिर में लाई गई। ज्योत को मंत्रोच्चार के साथ शनिधाम पर स्थापित किया गया। महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज ने बताया कि कल शनि अमावस्या पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। छप्पन प्रकार की चाकलेट और टाफियों से श्रृंगार किया गया। इन चाकलेट को अनाथ आश्रम और बस्तियों के बच्चों को वितरित किया जाएगा।





## गायत्री माता की रथयात्रा निकली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल सर्वपितृ अमावस्या पर शनिवार को कनाड़िया स्थित गुरुधाम गायत्री शक्तिपीठ से मां गायत्री की पालकी एवं रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में कनाड़िया सहित आसपास के 10 से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान सद्बुद्धि, सत्चिंतन और आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया गया। शक्तिपीठ में आज से शारदीय नवरात्रि साधना पर्व की शुरुआत हो रही है। शंकरलाल शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

## अमावस्या पर पूर्वजों की स्मृति में गौसेवा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर कल गौ सेवा समिति ग्रुप के सदस्या द्वारा श्रीराम मंदिर गौशाला में गौ माता को पशु आहार दालों की चूरी एवं हरी घास गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया एवं अपने पितरों को याद किया गया। मंत्रोचार के साथ गौ माता का पूजन करवाया उसके बाद गौमाता की आरती हुई प्रसाद वितरण हुआ और गो ग्रास सेवा कार्यक्रम का समापन हुआ। विजय श्याम शारदा, अनुराग नीमां, चंद्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता, राजेंद्र नीमा बीएल



तिवारी, एलएन राठी, प्रमोद नाहर, जगदीश बंसल, राधेश्याम गोयल, दिनेश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, बलराम बजाज, प्रदीप जाखेटिया, प्रमोद नीमा, मनोज नेमा, उमा नीमा, दिलीप भगत, मुकेश ठाकुर. प्रवीण नीमा, नितिन नेमा, अर्चना नीमा, नीता भगत, सरला गोयल, डॉ कमल भंडारी, डॉ. संगीता भंडारी, द्वारकाधीश नीमा आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

## जैन समाजजनों की मौजूदगी में होगा सम्मान

### ऋषभदेव गौरव न्यास करेगा आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज़ैन समाजजनों की मौजूदगी में ऋषभदेव गौरव न्यास द्वारा 18 अक्टूबर को रविंद्र नाट्य गृह में युवा और पत्रकारों का सम्मान आयोजन किया जाएगा। डॉ. अनुपम जैन, राजेश जैन ने बताया कि सौरभ जैन, चिंतन जैन, ललित जैन, उन्नित झांझरी, अंकिता जैन, रेखा जैन, डॉ. जैनेन्द्र जैन, हेमंत जैन का सम्मान होगा।



## जरूरतमदों को वस्त्र वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस क्लब इंदौर यूनिक द्वारा बस्तीयों एवं मंदिरों के बाहर गरीब जरूरतमंद लोगों को वस्त्रों का वितरण किया गया। संतोष गोयल, डॉ. सीपी हेडा, विनिता हेडा, संजय लोहिया, वंदना लोहिया, विनोद जोशी, श्वेता जोशी, मोहनलाल अग्रवाल, आत्माराम अग्रवाल, हरीश उप्पल, महेश पाटीदार, प्रदीप काबरा, द्वारका गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रमिला अग्रवाल, श्रुति सहित अन्य मौजूद थे।

## दिगम्बर जैन समाज में परिचय सम्मेलन शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगंबर जैन महासमिति एवं दिगंबर जैन मैरिज ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में आज गांधी हाल में परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जैनेश झांझरी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, अशोक बड़जात्या, डी.के. जैन, डॉ. संगीता विनायका, आर.के. जैन, भरत जैन, अक्षय कासलीवाल, मनीष जैन, अनिल जैन, शीलकुमार जैन, प्रवीण पाटनी व्यवस्था सम्भाल रहे है। पत्रिका भी प्रकाशित की गई। आयोजन शाम 6 बजे तक चलेगा।

# करोड़ों लागत वाले बड़े प्रोजेक्ट की लंबे समय से धीमी रफ्तार

## आबकारी विभाग की जमीन पर पांच मंजिला इमारत बनकर तैयार, दिवाली से मिलेंगी सौगात



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर के सियागंज क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड द्वारा करीब 25 करोड़ से ज्यादा लागत वाले बड़े व्यवसायिक प्रोजेक्ट की साढ़े तीन साल बाद भी रफ्तार धीमी है। जबकि अब तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाना था। आबकारी विभाग की जमीन पर पांच मंजिला इमारत बनकर भले ही तैयार हो गई हो लेकिन अभी यहां कई छोटे-मोटे काम बाकी है। वहीं काम की धीमी रफ्तार को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सियागंज व्यापारियों का कहना है कि आखिर हमारे क्षेत्र में नवीन शॉपिंग कांपलेक्स की सौगात कब मिलेगी। जबकि इसको लेकर करीब चार साल से काम चल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बिल्डिंग तो बनकर तैयार हो गई है लेकिन फिनिशिंग सहित अन्य बचे कार्य चल रहे है। मगर काम की रफ्तार बेहद धीमी है। जिससे अभी यह बताना मुश्किल है कि सियागंज क्षेत्र में व्यापारियों की सुविधा के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा करोड़ों रुपए खर्चकर तैयार करवाई जा रही नई और आधुनिक सुविधाओं वाली बड़ी बिल्डिंग का काम दिवाली से पहले पूरा हो पाएगा। साथ ही यहां दिवाली से पहले व्यवसायिक गतिविधियां शुरू हो पाएगी।

**23 हजार स्केवयर फीट जगह पर 100 दुकानों वाला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स-** गौरतलब है कि सियागंज क्षेत्र में करीब 100 से ज्यादा दुकानों वाला आधुनिक सुविधाओं वाला नवीन भव्य शॉपिंग कंपलेक्स बनकर तैयार हो रहा है। जिसको लेकर आबकारी विभाग की जमीन पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा करीब साढ़े तीन साल से भी ज्यादा समय से काम किया जा रहा है। हालांकि काम की रफ्तार धीमी होने के कारण अब तक इस बड़े शॉपिंग कंपलेक्स का काम पूरा नहीं हो पाया है। अभी केवल बिल्डिंग बनकर ही तैयार हुई है। फिलहाल फिनिशिंग कार्य एवं रंगाई - पुताई का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। हालांकि शॉपिंग कांपलेक्स का काम पूरा होने में अभी एक से से डेढ़ माह का समय और लगेगा। उसके बाद क्षेत्र के व्यापारियों को एक स्थान पर नई और आधुनिक सुविधाओं के साथ करीब 100 दुकान और व्यावसायिक हाल के साथ इस परिसर की सौगात मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि हमारा प्रयास हर कि दिवाली से पहले बेहद जल्द यहां का काम पूरा करवाने की तैयारी है।

# इस बार दिवाली से पहले शुरू हो गई सीताफल की आवक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इस बार दीपावली से पहले सीताफल की बाजार में आवक शुरू हो गई है। हालांकि अभी शुरूआती आवक होने और भाव ज्यादा होने से आमजन तक अभी भले ही सीताफल पहुंच नहीं पा रहें हो। लेकिन चोइथराम थोक मंडी से लेकर बाजारों में भी अब दिखाई देने लगें है। इसके अलावा नवरात्रि शुरू होने से पहले उपवास में काम आने वाले सेवफल और केले के भी अब दाम बढ़ गए है। जबकि पहले सस्ते बिक रहे थे। वहीं अब नवरात्रि के नौ दिनों तक उपवास करने वाले ज्यादातर लोग फलों का सर्वाधिक सेवन करते है। ऐसे में वर्तमान में सबसे ज्यादा डिमांड और आवक वाले एपल के दाम भी बढ़ गए हैं।

**विदेशी एपल 200 से 250 रुपए किलो के भाव-** इधर खेरची व्यापार करने वाले लल्लन सिंह प्रजापत, नितिन भीलवारे ने बताया कि नवरात्रि के उपवास में केले , सेवफल के साथ सीताफल की भी डिमांड रहेगी। इसके अलावा पपीता भी चलन में है। वहीं मंडी में वर्तमान में केले और सेवफल की सबसे ज्यादा आवक हो रही है। सीताफल की कम आवक के कारण भाव अभी ज्यादा है। सीताफल डेढ़ सौ से लेकर 180 और 200 रु. किलो के भाव बिक रहे है। जबकि सेवफल 100 किलो से लेकर 150 180 रु. किलो देशी मिल रहे है। जबकि बाहर से आने वाले विदेशी एप्पल 200 से ढाई सौ रुपए किलो के भाव बिक रहे हैं।

# डीएवीवी की मल्टी स्टोरी बिल्डिंग की बाधाएं खत्म, 6 मंजिला बनेगी

## 8 टीचिंग विभाग लगाएंगे अतिरिक्त क्लास, 4 को अलॉट होगी एक एक मंजिल




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में बनने वाली मल्टी स्टोरी बिल्डिंग की बाधाएं खत्म हो गई है। यह 6 मंजिला बनेगी। यहाँ आईआईपीएस, आईएमएस और लॉ सहित 8 टीचिंग विभाग अतिरिक्त क्लास लगाएंगे। जबकि चार विभागों को पूरी एक एक मंजिल अलॉट होगी। तक्षशिला परिसर में 8 करोड़ रुपए की लागत से यह मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं रहेंगी। साथ ही हर फ्लोर पर चार से पांच स्मार्ट क्लास रूम रहेंगे। इसे लेक्चर हॉल थियेटर नाम दिया गया है।

**क्यों अहम है ये प्रोजेक्ट-** तक्षशिला परिसर का कोई भी टीचिंग विभाग, जहां क्लास रूम की कमी है, वह यहां क्लासेस लगा सकेगा। इसके साथ ही डीएवीवी अब नए सेंट्रल लाइब्रेरी भवन के लिए भी 2 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके साथ ही आवास निर्माण एवं विकास कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाने वाले हैं। नालंदा एवं तक्षशिला परिसर में ड्रेनेज लाइन के विकास पर भी 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**लेकिन ये भी है चिंता** लेकिन चिंता ये भी है कि लगातार छठे साल डीएवीवी के बजट में कुछ टीचिंग विभागों के विस्तार व कुछ के नए भवन के प्रस्ताव रखे थे। काम कभी शुरू नहीं हुआ। इसमें नालंदा परिसर में नवीन प्रशासकीय भवन के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके अलावा जीव विज्ञान अध्ययनशाला के नए आडिटोरियम को संवारने के लिए भी 75 लाख रुपए खर्च होना है। ई-लाइब्रेरी की स्थापना पर 50 लाख रुपए का बजट मंजूर किया गया था। इसके साथ ही कर्मचारियों के आवास के लिए 3 करोड़ 80 लाख रुपए मंजूर हुए। काम किसी का शुरू नहीं हुआ। वहीं आईईटी के दो आडिटोरियम के लिए 3 करोड़ मंजूर हुए थे, वहीं आईआईपीएस के विस्तार पर 4 करोड़ व कामर्स विभाग के आडिटोरियम के नवीनीकरण के लिए भी 1.5 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर हुए थे। सिर्फ कॉमर्स का काम पूरा हो पाया है। स्कूल इकोनॉमिक्स में क्लास रूम के निर्माण के लिए दो करोड़ की मंजूरी दी गई थी।

# बारिश की कमी के साथ रॉ मटेरियल में तेजी से मकान बनाना भी हुआ महंगा

## सीमेंट में 10 से 20 रुपए बोरी की तेजी, सरिया भी महंगा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इस साल कम बारिश होने से ज्यादातर रॉ मैटेरियल निर्माण सामग्री महंगी होने से आम आदमी के लिए अब मकान बनाना भी महंगा साबित होगा। क्योंकि आने वाले दिनों में निर्माण सामग्री में और ज्यादा तेजी की संभावना को देखते हुए वर्तमान में मकान बनाना महंगा हो गया है। रेती, सीमेंट सरिए के साथ गिट्टी और चूरी के भाव में भी तेजी आई है। इसके अलावा ईंट के भाव में भी तेजी हो गई है। इसके अलावा लेबर, ठेकेदार ,बिल्डर, इंजीनियर फीस सभी में 10 से 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी होने से हर चीज महंगी मिल रही है। जिससे मकान बनाने वालों का भी बढ़ने गड़बड़ाने लगा है।

### रेती बारिश के बाद सस्ती होने के बजाय और हो गई महंगी

जबकि हर साल बारिश के दौरान बालू रेती में तेजी हो जाती है लेकिन बारिश के बाद रेती के भाव में कमी आती है। लेकिन इस बार रेती के भाव में भी तेजी है। बारिश बाद कोई खास कमी नहीं आई बल्कि भाव में तेजी बताई जा रही है। वर्तमान रेती में मंडी में 800 से 900 फीट रेती एक डंपर 78 से 80 हजार के आसपास बताया जा रहा है। जबकि एक ट्रैक्टर में 80 से 100 फीट रेती का भाव 7500 से 7800 रूपए के आसपास है। गिट्टी 900 से 1000 रुपए प्रति मीटर के भाव बताए जा रहें है। थोक व्यापारी केदार राजपूत, कैलाश अग्रवाल के मुताबिक वर्तमान में ईंट थोक में 8500 से 9500 और 10 हजार प्रति हजार के भाव पास के एरिया में डिलीवरी के भाव मिल रही है। जबकि दूरी के हिसाब से रेट में भी बदलाव होता है। गिट्टी और चूरी भी 900 से 1000 रुपए प्रति मीटर के भाव आ रही है। सीमेंट 300 से 330 रुपए प्रति बोरी ब्रांड के हिसाब से बिक रही है। इससे लोगों का बजट गड़बड़ाने लगा है। इधर ठेकेदार द्वारा भी 290 से 350 रुपए प्रति स्क्वेयर फीट छत नपती से मकान बनाने का पैसा लिया जा रहा है। जिसमें भी 20 से 30 रुपये की बढ़ोतरी बताई जा रही है।

# एमपीपीएससी में परीक्षा हल के सामने पार्किंग शेड का हो रहा निर्माण

## पहले बाहरी हिस्से को चमकाने के बाद अब भीतरी हिस्से में संवारने के कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी द्वारा पहले चरण में जहां बाहरी हिस्से को सजाने-संवारने के लिए लाखों रुपए खर्चकर आकर्षक विद्युत सज्जा लाइटिंग लगाने का काम किया गया। इसके अलावा सालों पुराने प्रवेश द्वार पर आकर्षक डिजाइनर बदलाव कर नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा रंगाई पुताई कर पूरा चमकाया गया। वहीं अब भीतरी हिस्से में भी बदलाव और संवारने के कामों की शुरुआत करने की तैयारी शुरू हो गई है। भीतरी हिस्से में प्रबंधन द्वारा पार्किंग व्यवस्था को दुरस्त करने और विस्तार करने के लिए परीक्षा हाल के सामने नवीन पार्किंग शेड का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निविदा जारी कर तैयारी भी शुरू हो गई है।

### पहले से दुगनी गाड़ियां हो सकेंगी पार्क

बताया जा रहा है कि भीतर के हिस्से में परीक्षा हॉल के सामने पुराने पार्किंग एरिया शेड का विस्तार कर उसकी क्षमता बढ़ाकर वहां पहले से दुगने वाहन खड़े हो सकेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है पार्किंग शेड का निर्माण कार्य एवं विस्तार कर जल्द काम पूरा करवाया जाएगा ताकि यहां भीतर के हिस्से में ऑफिस स्टॉफ और वरिष्ठ अधिकारियों की गाड़ियां व्यवस्थित खड़ी हो सकेंगी। जिसको लेकर निर्माण कार्य और तैयारी शुरू हो गई है। इसके अलावा भी भीतर अन्य आवश्यक सिविल कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे। जबकि पहले बाहरी हिस्से में कई सौंदर्यकरण और सजाने संवारने के कार्य किए गए थे।

## संपादकीय

# पूर्व न्यायाधीशों एवं आईएएस अधिकारियो की चुनाव आयोग को क्लीन चिट

चुनाव आयोग के विरोध में काकरोच जनता पार्टी एवं विपक्षी पार्टियों के चल रहे इस आंदोलन के चलते चुनाव आयोग को देश के चालीस से अधिक पूर्व न्यायाधीश एवं सौ से अधिक पूर्व आई ए एस आई एफ एस राजनयिक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने चुनाव आयोग के समर्थन में आम जनता के नाम खुला पत्र लिखा है। इस खुले पत्र में पूर्व अधिकारीयो ने एस आई आर प्रक्रिया का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि एस आई आर का उद्देश्य मतदाता सूची में से अपात्र मतदाता के नाम हटाना है। कोई व्यवस्था चुनाव जीतने पर सही और चुनाव हारने पर धांधली वाली नही हों सकती पत्र में उन्होंने ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी सवैंधानिक संस्थाओं का आकलन राजनैतिक जुड़ाव के आधार पर नही किया जाना चाहिए। यह सही है कि सवैधानिक संस्थाओं को सदैव निष्पक्ष एवं तटस्थता से कार्य करना चाहिए पर चुनाव आयोग के कार्यों पर केवल किसी पार्टी की हार या जीत के आधार पर संदेह व्यक्त कर उन्हें किसी एक राजनैतिक पार्टी के साथ जुड़े होने के आरोप को किसी राजनीतिक पार्टियों के आरोपो के आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। इन आरोपों के सही या गलत होने के निर्णय करने के लिये अदालतें मौजूद है और समय समय पर न्यायालय ने इन मामलों में तत्काल सुनवाई कर अपने उचित आदेश. भी जारी किए हैं। केवल किसी पार्टी की हार के आधार पर चुनाव आयोग पर अनर्गल आरोपो को सही ठहराना उचित नहीं है। तब जब चुनाव परिणाम एक तरफा सत्तापक्ष के फेवर में न होकर मिश्रित चुनाव परिणाम देखें जा रहे हो, इसी चुनाव आयोग द्वारा कराये गए चुनावो में सत्तारूढ़ दल को हिमाचलप्रदेश जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना, झारखंड के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। सत्तारूढ़ दल बहुमत के आंकड़े को छू भी नही पाया उसे सरकार बनाने के लिए अपनी सहयोगी पार्टीयो का सहयोग लेना पड़ा था उस समय विपक्षी पार्टियों ने चुनाव को लेकर कोई शिकायत नही की और यदि विपक्षी पार्टियों को कोई शिकायत या आपत्ति है तो चुनाव आयोग के इन निर्णयों पर भी आपत्ति जताना चाहिए थी जिनमें विपक्षी पार्टियों की विजय हुई हैं। पूर्व प्रशानिक अधिकारियों न्यायाधीशों राजनयिकों के पत्र में इन्हीं सब बातों का ज़िक्र है। आम जनता के नाम लिखे इस खुले पत्र का आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ता है क्या आम जनता विपक्षी पार्टियों के आंदोलन से अपने आप को जोड़े रखती हैं क्या यह पत्र चुनाव आयोग की विपक्ष के आंदोलन से गिरती विश्वनीयता बनाये रखने में कामयाब होगा या विपक्ष अपने आंदोलन के द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा लेने में सफल हो सकेगा यह सब आने वाले समय में ही पता चलेगा। - **मुकेश नागर**

# फर्जी ऋण पुस्तिका लगाकर आरोपी को जमानत दिलाने वाली महिला पर केस दर्ज

### पीएमएलए विशेष कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई,तहसीलदार की जांच में जाली पाए गए थे भू-अधिकार के दस्तावेज

**इंदौर।** शहर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के एक प्रकरण में फर्जी दस्तावेजों के जरिए आरोपी को जमानत दिलाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। विशेष न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने कूटरचित कागजात पेश कर अदालत को गुमराह करने वाली महिला जमानतदार के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई विशेष न्यायाधीश, धन शोधन निवारण अधिनियम इंदौर के आदेश क्रमांक 571/2026 (दिनांक 5 अक्टूबर) के परिपालन में की गई है। अदालत द्वारा मामले से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन करने पर यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त सुनील मिश्रा की जमानतदार निकिता चौहान पति हिमांशु चौहान, निवासी ग्राम सुनाला, तहसील देपालपुर ने न्यायालय में भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका के रूप में फर्जी और कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इन्हीं जाली दस्तावेजों के बल पर अभियुक्त को जेल से जमानत पर मुक्त कराया गया था। मामले की सत्यता की जांच के लिए दस्तावेज देपालपुर तहसीलदार के समक्ष सत्यापन हेतु भेजे गए थे। तहसीलदार द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हो गया कि अदालत में पेश किए गए भू-अधिकार और ऋण से जुड़े कागजात पूरी तरह असत्य और जाली हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्ट्या यह प्रमाणित हुआ कि निकिता चौहान ने कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने और धोखाधड़ी करने की नीयत से जाली दस्तावेज तैयार करवाकर न्यायालय में पेश किए थे। एमजी रोड थाना पुलिस ने अदालत के आदेश और दस्तावेजों के आधार पर आरोपी महिला निकिता चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी, कूट रचना और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा जाली दस्तावेज कहां तैयार किए गए थे।

# वाइन शॉप में चोरी, गल्ला तोड़कर 1.43 लाख ले उड़े अज्ञात चोर

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में यशवंत निवास रोड पर शनि मंदिर के पास स्थित एक वाइन शॉप को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने दुकान के पिछले दरवाजे का अंदरूनी नकुचा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और गल्ले में रखी पूरी नकदी पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, न्यू द्वारकापुरी निवासी मनोज सिंह पिता शिवरतन सिंह कुशवाह ने तुकोगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि यशवंत निवास रोड पर शनि मंदिर के पास स्थित वाइन शॉप में चोरी की यह घटना हुई है। अज्ञात बदमाशों ने शातिर तरीके से दुकान के पिछले गेट का अंदर वाला नकुचा तोड़कर भीतर सेंध लगाई। दुकान के अंदर दाखिल होने के बाद चोरों ने काउंटर पर रखे गल्ले को तोड़ा और उसमें बिक्री के रखे गए कुल 1,43,480 रुपये नकद समेटकर मौके से फरार हो गए। घटना का पता तब चला जब अगले दिन दुकान खोली गई।

# मृत बेटे के नाम पर बुजुर्ग पिता से अवैध वसूली, 25 लाख लेने के बाद भी मांग रहा था और रकम

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक आरोपी मृत युवक के नाम पर उसके बुजुर्ग पिता को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। आरोपी ने समझौते के तहत पहले ही 25 लाख रुपये ऐंठ लिए थे, इसके बावजूद वह और पैसों की मांग कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने बुजुर्ग को रास्ते में रोककर नकदी छीन ली और पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**रास्ते में रोककर छीने 10 हजार, परिवार को दी जान से मारने की धमकी**

पुलिस के अनुसार, विनय नगर निवासी 73 वर्षीय वृद्ध सुरेश पिता बखतराम घनानी ने अन्नपूर्णा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके बड़े बेटे गिरीश का निधन वर्ष 2012 में हो चुका है। बेटे की मौत के बाद से ही द्वारकापुरी निवासी अज्जु पंडित उर्फ अजय पिता विजय दुबे लगातार उनके घर पर आता था और यह कहकर पैसों की मांग करता था कि मृतक गिरीश ने उससे उधार पैसे लिए थे। दबाव और प्रताड़ना से परेशान होकर फरियादी सुरेश द्वारा पहले ही लिखापढ़ी के जरिए आरोपी को कुल 25लाख रुपये दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद आरोपी की भूख शांत नहीं हुई और वह लगातार अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगा। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गत 3 अक्टूबर को जब वे रास्ते में थे, तो आरोपी अज्जु पंडित ने उन्हें जबरन रोका और धमकाकर उनसे 10 हजार रुपये नकद छीन लिए। जब बुजुर्ग ने और पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने उन्हें और उनके छोटे बेटे भीष्म सहित पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। घटना से डरे-सहमे बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी अज्जु पंडित उर्फ अजय दुबे के खिलाफ अवैध वसूली और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# कल से 40 घंटे तक गीतों का आयोजन

## किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर बनेगा विश्व रिकॉर्ड

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा के संयुक्त तत्वाधान मे अभिनव कला समाज गाँधी हाल मे किशोर कुमार की पुण्यतिथि और केकेसी क्लब के स्थापना अवसर पर कल 12-13 अक्टूबर को 40 घंटे तक गीतों का आयोजन किया जाएगा एवं13 अक्टूबर शाम को सबके लिए पारंपरिक गरबा का आयोजन भी रखा गया है। इस आयोजन को विश्व रिकॉर्ड की श्रेणी मे दर्ज किया जायेगा। दीपक पाठक, रेखा रावल ने उक्त जानकारी दी।

# पटाखा मार्केट में चोरों का धावा, दुकान का ताला तोड़कर 25 बॉक्स पटाखे चुरा ले गए बदमाश

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के नौमील ग्राम दतोदा स्थित पटाखा मार्केट में चोरों ने एक दुकान को अपना निशाना बनाया। अज्ञात बदमाश दुकान का शटर तोड़कर भीतर घुसे और हजारों कीमत के पटाखों के 25 बॉक्स चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी जितेश पिता लक्ष्मणदास बालचंदानी, निवासी साधु वासवानी नगर, जूनी इंदौर की नौमील ग्राम दतोदा स्थित पटाखा मार्केट में 'शिवसाई एजेंसी' के नाम से दुकान नंबर 10 है। बीती 6 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने इस दुकान को सूना पाकर शटर का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे पटाखों के 25 बड़े बॉक्स समेटकर ले गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सिमरोल थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

# डिलीवरी के पैसे डालने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 30 हजार

**इंदौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने अपनी जालसाजी का शिकार बनाते हुए एक युवक के बैंक खाते से 30 हजार रुपये से अधिक की राशि ऑनलाइन उड़ा ली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी की यह वारदात 5 अक्टूबर को दोपहर फरियादी रिहान के साथ हुई। अज्ञात साइबर ठग ने पार्सल या सामान की डिलीवरी के पैसे सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने का झांसा दिया। ठग ने फोन पर बातचीत के दौरान झांसे में लेकर ऑनलाइन माध्यम से 30,095 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जब पीड़ित को अपने खाते से पैसे कटने का संदेश मिला, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पुलिस अब उस बैंक खाते और मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिसके जरिए इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है।

# 1250 का टिकिट 4400 में बेचते धराये

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लसूडिया पुलिस ने टिकिट की कालाबाजारी करने वाले दो नाबालिगों को पकडा है। बताया जा रहा है कि लसूडिया पुलिस ने आज होने वाले टी-20 मैच के टिकिट बेचने और टिकिट खरीदने आए नाबालिग को मौके पर ही पकड लिया। बेचवाल 1250 की कीमत वाला टिकिट करीब 4400 रुपये में बेच रहा था। बेचवाल के पास 4 टिकिट थे जिसकी कीमत 17 हजार 500 रुपये बताई जा रही थी। एक युवती भी उसके साथ थी। लसूडिया पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए नाबालिगों को थाना लेकर पहुंची।

# मंडी पार्किंग से अवैध देशी कट्टे के साथ धराया बदमाश

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने चोइथराम मंडी पार्किंग क्षेत्र से एक बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, राजेंद्र नगर थाना पुलिस की एक टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने चोइथराम मंडी पार्किंग परिसर में घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान आरिफ उर्फ भूरू बैंड निवासी वाटर पंप के सामने, आजाद नगर के रूप में हुई है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह अवैध हथियार किससे और किस उद्देश्य से लेकर आया था तथा इस क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था या नहीं। राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रिश्ते के भाई की शर्मनाक करतूत...डी-टेन लगवाने के बहाने नाबालिग से की अश्लील हरकत

## शोर मचाने पर भाग निकला आरोपी

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ उसके ही रिश्ते के भाई द्वारा छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। घर पर अकेला पाकर आरोपी ने नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन ऐन वक्त पर परिजनों के आ जाने से वह मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने थाने पहुंचकर अपनी मां के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी जो उसकी ताई का बेटा है उनके घर आया था। घर पर बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे कहा कि वह उसके चेहरे पर डी-टेन लगा दे। रिश्ते के भाई की बात पर विश्वास करते हुए जब पीड़िता उसके चेहरे पर डी-टेन लगाने लगी, तो आरोपी की नीयत खराब हो गई। उसने मौके का फायदा उठाकर पीड़िता के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी और जबरदस्ती उसकी कुर्ती ऊपर खींचने का प्रयास करने लगा।

अपने साथ हो रही इस अभद्रता और जबरदस्ती से घबराकर पीड़िता जोर-जोर से चिल्लाने लगी। चीख-पुकार की आवाज सुनकर घर के दूसरे हिस्से में मौजूद उसकी मां और बहन तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। परिजनों को अपनी ओर आते देख आरोपी हड़बड़ा गया और मौके से भाग निकला। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे तुरंत थाने पहुंचे। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# चंद घंटों में धराए जानलेवा हमला करने वाले बदमाश

## पुलिस से बचकर भागने में तुड़वा बैठे पैर

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में बीती रात दो युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने महज कुछ घंटों के भीतर ही धर दबोचा। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद भागने का प्रयास किया, इस दौरान बाइक से गिरने से उन्हें चोटें भी आईं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर चिकित्सकीय उपचार कराया है।



पुलिस के अनुसार, बीती रात फरियादी शुभम बिधोने और उनके साथी मयूर भोगे पर कुछ बदमाशों ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में शुभम के हाथ और मयूर के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र का जाल बिछाकर चंद घंटों में ही तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के नाम चंद्रकांत उर्फ नान्टू ठाकरे निवासी रुस्तम का बगीचा, देवेंद्र उर्फ भूरा निवासी गोटू महाराज की चाल और लक्की उर्फ हेमंत सिंगले निवासी गोमा की फेल बताए जा रहे है। पुलिस कार्रवाई के दौरान जब आरोपी भागने की फिराक में थे, तो मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरने के कारण उन्हें हल्की चोटें भी आईं, जिनका पुलिस ने नियमानुसार अस्पताल में मेडिकल उपचार कराया है। विजय नगर पुलिस अब इन आरोपियों के पुराने आपराधिक इतिहास, संभावित अवैध गतिविधियों और अपराध से अर्जित संपत्ति की भी विधिसम्मत जांच कर रही है।

## 12 लाख रुपये का सरिया चोरी करने वाला सेठ धराया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा पुलिस ने सरिया चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रक लेकर फरार हुआ था जिसमें 12 लाख रुपये कीमत का 21 मैट्रिक टन सरिया भरा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार एमकेसी कंपनी कैंप रौलाय 70 मैट्रिक टन सरिये का आर्डर दिया था। इस दौरान आरोपी शुभम सेठ कम्पनी का 21 मैट्रिक टन सरिया चोरी कर ट्रक लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जहां पुलिस ने तलाश की और आरोपी शुभम सेठ को पकडा।पुलिस अब घटना से जुडे अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।



## कल होगी गीतों की प्रस्तुति

**इंदौर।** सी.एन. मैलोडियस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कल 12 अक्टूबर को शाम 6 से रात 11 बजे तक प्रीतमलाल दुआ सभागृह में संगीत संध्या का आयोजन होगा। नरेश बिरथरे, जी.एस. अरोरा, गोपाल पांचाल, जी.एस. होरा, पत्रकार राजेश पिपलोदिया, उमा राव मंडोले, सीवीएस राव, रमेश प्रजापत, मधु परमार, चंदा कुण्डलवाल, मीनाक्षी रिझवानी अपनी गायकी पेश करेंगे।कार्यक्रम में अतिथि भी आमंत्रित किए गए है।

## थाना प्रभारी का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय मानवाधिकार परिषद टीम द्वारा मल्हारगंज थाना प्रभारी नीरज बिरथरे का उत्कृष्ट सेवा पर सम्मान किया। रीतू छाबड़ा, सीमा ओझा, सीमा खान, नाज शेख, अरशद खान, दिनेश आचार्य, अरविंद शास्त्री सहित अन्य मौजूद थे।



## अल्टो में शराब तस्करी...दो धराए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आबकारी विभाग ने देपालपुर-सांवेर रोड पर मुकाता तालाब के पास से कार में शराब ले जा रहे दो युवकों को पकडा है। पुलिस ने 10 पेटी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक एमपी 09 सीटी 4613 से शराब का परिवहन किया जा रहा है। आबकारी टीम ने मुकाता तालाब के पास घेराबंदी कर कार को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 5 पेटी देसी प्लेन मदिरा और 5 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की बरामद हुई। मामले में काजू चौहान और विजय चौधरी को हिरासत में लिया गया। आबकारी विभाग अब आगामी जांच कर रहा है।



## खड़ी कार में जा घुसा लोडिंग वाहन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एयरपोर्ट के सामने नो पार्किंग में खड़ी कार में लोडिंग वाहन टाटा-एस पीछे सा जा घुसा। लोडिंग वाहन इतनी तेज स्पीड में था कि पीछे से टक्कर मारने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई और लोडिंग वाहन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लोडिंग वाहन के परिचालक का पैर फंस गया। आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे उसे बाहर निकाला। चालक और उसका साथी दोनों घायल भी हुए है।





## नवरात्रि में वैध कनेक्शन से ही बिजली का करें उपयोग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवरात्रि उत्सव में वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली उपयोग करने के लिए कहा है। गरबा पंडालों और नवरात्रि उत्सव में विद्युत सज्जा के लिए अस्थाई वैध कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

## ब्रह्माकुमारीज रहे नशामुक्ति अभियान रैली में मौजूद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्रह्माकुमारीज गंगोत्री विहार स्थित ज्ञानदीप भवन से नशामुक्ति जनजागरण अभियान रैली निकाली गई। बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े भाई-बहन एवं अन्य भी मौजूद रहे।

## संविदा विद्युतकर्मी करेंगे धरना प्रदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यूनाइटेड फोरम के बैनर तले संविदा विद्युत कर्मियों ने 22 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस मामले में विद्युत मंडल को यूनाइटेड फोरम ने जानकारी दे दी है। मामला यह है कि ऊर्जा विभाग द्वारा 24 जुलाई को संविदा कर्मियों को नियमित पदों पर नियुक्ति व विभागीय परीक्षा की भर्ती प्रक्रिया जारी करने के निर्देश हुए थे उसकी अधिसूचना आज तक जारी नहीं हुई है। वादा खिलाफी से आक्रोशित संविदा कर्मचारी के समर्थन में फोरम ने यह एक दिवसीय धरना भोपाल में रखा है। इंदौर से भी संविदाकर्मी भोपाल जाएंगे। यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर अधिसूचना जारी नहीं हुई तो 7 दिवसीय नोटिस देकर दीपावली के पहले अनिश्चितकालीन बहिष्कार भी किया जा सकता है। उक्त जानकारी प्रभुनारायण नेमा ने दी।

## स्काउट गाइड ने सम्भाला यातायात



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्काउट गाइड से जुडे विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा प्रहरी बनकर यातायात पुलिस के साथ चौराहा पर मोर्चा सम्भाला, यातायात को संचालित किया और वाहन चालकों को जागरूक भी किया।

## विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक कार्यशाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एक्सप्रेसिव आर्ट्स थेरेपी प्रैक्टिशनर आस्था टोंगिया अपनी पहल धी:ब्रह-टेक द आर्ट रूट के माध्यम से कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति को



मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ने को लेकर वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में लगभग 60 विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की। इसमें कला, संगीत, ध्वनि, नाटक और खेल के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई।

# 151 दिवंगतों की अस्थियां पूजन के बाद ओंकारेश्वर रवाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महाकाल मानव सेवा समिति एवं सुल्ताने इंदौर एकता सेवा समिति के तत्वावधान में सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में गांधी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 151 दिवंगतों की अस्थियों का पूजन संत अण्णा महाराज, पवनदास महाराज, पवन तिवारी के सान्निध्य में किया गया। पूजन के बाद अस्थि कलश को मां नर्मदा नदी में विसर्जित करने के लिए ओंकारेश्वर भेजा गया। हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, करीम पठान, फिरोज पठान, दिलीप राजपाल, राजकुमार मेहता, जयदीप जोशी, सुरेश मोरे, डॉ. जयेश चौधरी मौजूद थे।



# आज इंदौर में होगी चौकों-छक्कों की आतिशबाजी

## तीसरे टी-20 में भी बन सकते है 500 से ज्यादा रन, गेंदबाजों को ज्यादा मौके मिलना मुश्किल

**इंदौर।** आज से नवरात्र की शुरुआत हो रही है और शहर के होलकर स्टेडियम में क्रिकेट उत्सव मनाया जाएगा । यहां शाम को बल्लेबाज बल्लों से रनों की बारिश करेंगे और दर्शक इस आतीशबाजी का जमकर लुत्फ उठाएंगे । पिछले मैच की तरह यहां भी रनों का अंबार लगने की पूरी उम्मीद है । सभी सितारा खिलाडी इंदौर पहुंच गए है और इनका जोरदार स्वागत इंदौरियों ने किया ।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला आज शाम इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। रांची में दूसरे टी20 में दोनों टीमों ने मिलकर 501 रन बना दिए थे, जहां वेस्टइंडीज ने भारत के 249 रनों के लक्ष्य को 18.3 ओवर में हासिल कर लिया था और 6 विकेट से जीत हासिल की थी। इस मैच के बाद फ्लैट पिच की जमकर आलोचना हुई। कोच गंभीर ने ही इसका विरोध किया, लेकिन इंदौर में तो गेंदबाजों को बहुत मुश्किल होने वाली है, क्योंकि यहां 9 साल पहले ही भारतीय टीम टी20 में 260 रन बना चुकी है।

होलकर स्टेडियम बल्लेबाजों का स्वर्ग माना जाता है। यहां फ्लैट पिच, शॉर्ट बाउंड्री और तेज आउटफील्ड गेंदबाजों के लिए मुश्किल पैदा करती है। टी20 इंटरनेशनल में यहां औसत फर्स्ट इनिंग स्कोर करीब 200 रन रहा है। सबसे ऊंचा



स्कोर भारत का 260/5 है, जो 2017 में श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा की 43 गेंदों में 118 रनों की पारी की बदौलत बना था। दक्षिण अफ्रीका ने 2022 में 227/3 बनाए थे। औसत रन रेट यहां 9.85 के आसपास है, जो गेंदबाजों के लिए डरावना आंकड़ा है।

रांची में भारत ने 249/5 बनाए थे और वेस्टइंडीज ने इसे आसानी से चेस कर लिया। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर फॉर्म में हैं। उन्होंने शतक लगाने के बाद दूसरे मैच में भी 18 गेंद में 40 रन बनाए। वहीं, संजू सैमसन ने 82 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से शाई होप वनडे के बाद टी20 में भी सेंचुरी लगा चुके हैं और शरफेन रदरफोर्ड आक्रामक फॉर्म में हैं। इंदौर में ओस भी गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त चुनौती बनेगी।

### बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है इंदौर की पिच

पिच रिपोर्ट के अनुसार सतह बल्लेबाजी के अनुकूल रहेगी। छोटी बाउंड्री और फ्लैट ट्रैक पर बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। गेंदबाजों को विविधता के साथ ही सटीक एग्जीक्यूशन पर फोकस करना होगा। अगर दोनों टीमों की बल्लेबाजी इसी तरह चली तो तीसरे टी20 में भी 500 रनों का आंकड़ा पार हो सकता है।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंदौर के स्कोरर नियुक्त

*इंदौर में आज शाम होने वाले भारत एवं वेस्टइंडीज मैच के लिये आफिशिलय स्कोरर की नियुक्ति कर दी गई है, जिसमें इंदौर के जंयत वानखेडे एवं मयंक थनवार मुख्य स्कोरर होंगे तथा अमित पारखे प्रेस बाक्स में स्कोरिंग करेंगे एवं भावेश पंडित को स्कोरबोर्ड पर स्कोरिंग करने की जवाबदारी दी गई है । सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि साथ ही ग्वालियर संभाग सुनील गुप्ता को डी.एल. मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है।*

# राऊ क्रिकेट क्लब की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत राउ क्रिकेट क्लब एवं इंदौर स्पोटस के मध्य मैच खेला गा जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी मे 42 ओवरो में सभी विकेट ख्वोकर 95 रन बनाये। अजीज हुसैन ने 4 विकेट लिये । जवाब में राउ क्लब ने अपनी पहली पारी में 53 ओवरो में सभी विकेट खोकर 156 रन बनाये और 61 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । अजीज हुसैन ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 59 रन एवं पारस अग्रवाल ने 47 रन बनाये। कृष्णा जादोन ने 5 विकेट एवं आरव पाण्डे ने 4 लिये । जवाब में इंदौर स्पोटस ने अपनी दूसरी पारी में 36 ओवरो में 154 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। और राउ क्लब के समक्ष 93 रनों का लक्ष्य दिया । अजीज हुसैन ने घातक गेदबाजी करते हुए 7 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब 39 ओवरो में 6 विकेट खोरक 95 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया।





### यशोधन दुबे के तिहरे शतक से एलएसजीसीए जीता

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलएसजीसीए एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 43 ओवरो में सभी विकेट खोकर 117 रन बनाये। अथर्व यादव ने 5 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम 50 ओवरो में 98 रनों पर सिमट गई और इस तरह एलएसजीसीए को 19 रनों की बढत प्राप्त हुई । यथर्थ बर्फा ने 5 विकेट लिये एवं समर कैथवास ने 3 विकेट लिये । जवाब में एलएसजीसीए ने खेल समाप्त होने तक अपी दूसरी पारी में 75 ओवरो में 3 विकेट खोरक 421 रन बना लिये थे, इस तरह एलएसजीसीए ने यह मैच अपनी पहली पारी की बढत के आधार पर जीत लिया । यशोधन दुबे ने 233 गेंदो पर 42 चैके व 6 छक्के की सहायत से आक्रामक 304 रन एवं यथार्थ बर्फा ने 53 रन बनाये। अथर्व यादव ने 3 विकेट लिये ।

## कैलाश सुरागे , यश हार्डिया, स्वामी पाल एवं रवि यादव बने इंदौर डिवीजन स्ट्रांगमन

**इंदौर।** स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्ट्रेंथ लिफ्टिंग, इंकलाइन बेंच प्रेस, बार कर्लिंग, प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम में दिनांक 09/10/2026 आयोजित हुई जिसमें इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों से 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्पर्धा में स्ट्रिंगमन ऑफ इंदौर डिवीज़न बने कैलाश सुरागे, यश हार्डिया, स्वामी पाल, रवि यादव, सतवंत सिंह, अंशुल गुप्ता, रोशन वैद्य, भावेश खिचिची, प्रमोद खरे, रेहान पठान, मुस्तफा बागवान, महेंद्र ठाकरिया, अर्जुन भूरिया, अरशबीर सिंह, उमेश मीना, अनिरूद्ध शर्मा रहे । वहीं स्ट्रिंग विमेन ऑफ इंदौर डिवीज़न रही मनस्वी विश्नोई, धरना शर्मा, रेखा ठाकरिया, पीनल यादव रही । आयोजक मोहन सिंह राठौर, रितेश विराग , कैलाश सुरागे ने सभी का आभार माना ।



## अंतर-विद्यालयीन 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप कल से

**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल द्वारा 12 से 17 अक्टूबर तक तृतीय आमंत्रण अंतर-विद्यालयीन 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर एवं अन्य क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विद्यालयों से लगभग 130 विद्यार्थी भाग लेने की संभावना है। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों की सूचीः न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल , डेली कॉलेज, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, झालारिया कैंपस, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ कैंपस, दिल्ली पब्लिक स्कूल निपानिया, चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल, विनसम पब्लिक स्कूल. इंटरनेशनल स्कूल ऑफ बॉम्बे । यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने तथा स्नूकर के प्रति रुचि विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी।

## राज्य रोलर स्केटिंग स्पर्धा 22 से

**इंदौर।** 31वीं म.प्र. राज्य रोलर स्केटिंग स्पर्धा भोपाल स्थित केम्पियन स्कूल इंटरनेशनल स्केटिंग ट्रैक पर 22 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होगी। म.प्र. रोलर स्केटिंग संगठन के अध्यक्ष अशोक भारुका ने बताया कि राज्य स्पर्धा में लगभग 500 खिलाड़ी म.प्र. के 20 जिलों से भाग लेंगे। इस राज्य स्पर्धा के प्रदर्शन के आधार पर म.प्र. टीम का चयन किया जाएगा जो कि बेंगलुरु में होने वाली 64 वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग स्पर्धा में भाग लेगी। स्पर्धा के आयोजक सचिव संजय मिश्रा हैं एवं जिला रोलर स्केटिंग संगठन भोपाल द्वारा स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

## गायत्री, तनीषा ने गोल्ड एवं चिराग व यशोना ने जीता रजत



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय खेल प्राधिकरण के सानिध्य एवं मध्यप्रदेश स्काई मार्शल आर्ट्स संघ के तत्वावधान में भोपाल अकादमी स्कूल में आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय स्काई मार्शल स्पर्धा में प्रदेश के 16 जिलों ने भाग लिया जिसमें भोपाल प्रथम, मंदसौर द्वितीय एवं दो स्वर्ण चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ इंदौर तृतीय स्थान पर रहा। जिसमें गायत्री राठौर और तनीशा मालवीय ने योद्धा इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं चिराग स्कवार, दिशा राठौर, श्रेया ज़रिया एवं श्रेयांश यशोना को रजत पदक प्राप्त हुआ तथा जूनियर वर्ग में पृथ्वीराज यशोना ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। टीम के कोच अमय लश्करी ने बताया अब ये विजयी खिलाड़ी जल्द ही खेलो इंडिया लीग के लिए तैयारी करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग में शामिल खेल स्काई मार्शल आर्ट एक एशियन स्पोर्ट्स गेम हैं। स्पर्धा में मुख्य अतिथि डॉक्टर रोहित नायक थे । स्पर्धा का संचालन प्रवीण सिंह कुशवाह ने किया एवं आभार हरीश टेलर ने माना।

## ऑल इंडिया आईपीएससी टेनिस चैंपियनशिप में मेजबान बना ओवरऑल चैंपियन

**इंदौर।** मेजबानी के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अपना दबदबा कायम रखते हुए, मेजबान डेली कॉलेज, इंदौर ने ऑल इंडिया आईपीएससी टेनिस टूर्नामेंट में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में देश भर के 23 प्रतिष्ठित स्कूलों के 250 से अधिक युवा टेनिस खिलाड़ियों ने 5 वर्गों - बालक अंडर 12, 14, 17, 19 और बालिका अंडर 12 में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा और गहराई का शानदार प्रदर्शन करते हुए डेली कॉलेज लगभग सभी वर्गों के फाइनल में पहुंचा और ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्पर्धा में डेली कॉलेज की दिवेना धूपर, गर्व मालपानी, युग जैन, सुविग्य चौधरी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई । समापन समारोह के मुख्य अतिथि संदीप जी आर, अपर सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम, भोपाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और खिलाड़ियों के खेल भावना व उच्च स्तरीय प्रदर्शन की सराहना की। .

# रफ्तार का कहर...अनियंत्रित कार पलटी, चपेट में आई एक्टिवा

## देर रात सुपर कारिडोर पर हुआ हादसा घायलों को पहुंचाया अस्पताल





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुपर कारिडोर के टीसीएस चौराहा पर दर्दनाक हादसे का मामला सामने आया है। रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार की चपेट में दोपहिया वाहन भी आ गया। हादसे में तीन लोगों के घायल होने की जानकारी भी मिली है। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक आरजे 17 सीसी 0601 अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। राहगिरों ने कार को जैसे-तैसे सीधा किया और चालक और उसके साथी को बाहर निकाला। गांधीनगर पुलिस के अनुसार मौके पर पुलिस भी पहुंची थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कार के एयर बेलून भी खुल गए थे और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं एक्टिवा भी चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हुई है। एक्टिवा सवार को भी घायल होने की जानकारी मिली है।




# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र के छोटी खजरानी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।आनन-फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 38 वर्षीय सतीश पिता केशव राव, निवासी छोटी खजरानी के रूप में हुई है। किन कारणों के चलते सतीश ने यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। घटना के वक्त जब परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो उनके होश उड़ गए। वे तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर एमआईजी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर आत्महत्या के असली कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने 35 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ विवाह का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में अपने वादे से मुकर जाने के आरोप में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने एरोड्रम थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी उन्नत अस्तोलिया निवासी पलास परिसर, सिलिकॉन सिटी ने उसे लंबे समय तक शादी करने का झांसा दिया। विवाह का प्रलोभन देकर आरोपी ने उसकी सहमति के बिना और धोखे में रखकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और साफ इनकार कर दिया। ठगी और विश्वासघात का अहसास होने पर पीड़िता ने थाने का रुख किया। एरोड्रम पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी उन्नत अस्तोलिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।















स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।